## चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 10.09.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री राज कमल के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 10.09.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

**(3).** आज दिनाँक 10.09.025 पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में क्षेत्राधिकारी प्रज्ञान श्री अजेय कुमार शर्मा, क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरविंद्र कुमार वर्मा की उपस्थिति में पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में पुलिस पेंशनर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस पेंशनर्स की समस्याओं पर चर्चा की गई तथा अपने अनुभव और ज्ञान का उपयोग करके कानून व्यवस्था को बनाए रखने में सहयोग करने हेतु सभी पेशनर्स को कहा गया साथ ही पेंशनर्स के लिए स्वास्थ्य बीमा योजनाओं की जानकारी दी गयी,पेंशनर्स के लिए कानूनी सहायता या शिकायत निवारण तंत्र की जानकारी सांझा की गयी। पेंशनर्स को अपनी समस्याएं और अनुभव साझा करने का अवसर दिया गया एवं उनके समस्याओं को नोट कर और उनके समाधान के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।
इस बैठक के माध्यम से पुलिस पेंशनर्स के बीच सहयोग और संवाद को बढ़ावा देने का प्रयास किया, ताकि स्थानीय समस्याओं का समाधान किया जा सके।

**(4).** जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी एन एवं पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह ने सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा, हेलमेट सर पर तो सुरक्षित घर पर,01 सितंबर 2025 से 30 सितंबर 2025 तक परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान के अंतर्गत परिवहन विभाग जनपद चित्रकूट द्वारा जन जागरूकता एवं हेलमेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेड़ी पुलिया से शुभारंभ किया गया।
जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं से कहा कि सड़क दुर्घटनाएं बहुत हो रही हैं जो अत्यंत दुखद है सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन आप सभी लोग अवश्य करें सड़क दुर्घटनाएं जनपद में जहां पर होती है वहां पर मैं स्वयं और पुलिस अधीक्षक मौके पर जाते हैं प्रशासन जन जागरूकता के कार्यक्रम कराता है लेकिन लोगों द्वारा सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन नहीं किया जाता ह उन्होंने विद्यालयों के प्रधानाचार्यो से कहा कि सभी विद्यालयों पर जन जागरूकता के कार्यक्रम कराकर सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में जानकारी आप लोग छात्र-छात्राओं को अवश्य दें ताकि वह अपने घरों पर जाकर अभिभावकों को प्रेरित कर सके नो हेलमेट नो फ्यूल के प्रति जागरूक करें कहा कि जिस माता-पिता के बच्चे की मृत्यु सड़क दुर्घटना से होती है तो बहुत दुख होता है अपने आप में डिसिप्लिन लाएं तेज गति से वाहन ना चलाएं वाहन चलाते समय मोबाइल से वीडियो ना बनाएं मोबाइल का प्रयोग ना करें शिक्षा पर ध्यान दें अपने जीवन को सुरक्षित रखें अच्छी शिक्षा ग्रहण करके अच्छे पदों पर जाकर कार्य करें जिलाधिकारी में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी से कहा कि प्रत्येक तहसील स्तर पर नो हेलमेट नो फ्यूल कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया जाए।
पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर नो हेलमेट नो फ्यूल कार्यक्रम का अभियान चलाया जा रहा है उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि आप लोग चित्रकूट के मूल निवासी हैं यहां छोटा जनपद है दो विधानसभा है जनपद में 01 जनवरी से 31 अगस्त तक सड़क दुर्घटना में 265 एवं 01 जनवरी से 31 अगस्त तक मृतकों की संख्या - 139,
01 जनवरी से 31 अगस्त तक घायलों की संख्या - 263 हुई है।
उन्होंने कहा कि सुरक्षा की जो बात हो उस पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है छात्र-छात्राओं से कहां की वाहन निकालने से पहले घरों पर ही हेलमेट पहने चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट अवश्य लगाएं अपने अभिभावकों को भी बताएं नो हेलमेट नो पेट्रोल का कार्य शत-प्रतिशत सही तरीके से चल गया तो दुर्घटनाओं में कमी आएगी जीवन जोखिम में है लेकिन हेलमेट आप लोग नहीं लगाएंगे यह बात उचित नहीं है उन्होंने कहा कि पुलिस का चालान पैसों से निपट जाएगा लेकिन यमराज के चालान से आप लोग बच नहीं पाएंगे भगवान ने आपको बुद्धि विवेक देकर भेजा है अपने विवेक का

प्रयोग करके सड़क पर चलें सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन अवश्य करें आप लोग अनुशासन में रहकर कार्य करेंगे तो शासन को जन जागरूकता कार्यक्रम कराए जाने की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी।
संभागीय परिवहन अधिकारी श्री उदयवीर सिंह ने कहा कि आज सड़क सुरक्षा जन जागरूकता कार्यक्रम के अभियान की शुरुआत की गई है पूरे भारत में डेढ़ लाख लोगों की मृत्यु सड़क दुर्घटनाओं से होती है 24 से 25 हजार सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु उत्तर प्रदेश में होती है परिवहन विभाग जन जागरूकता का कार्य कर रहा है उसके साथ ही पुलिस विभाग भी कार्य कर रहा है 15 से 35 वर्ष के लोगों की सड़क दुर्घटनाएं बिना हेलमेट के अधिक हो रही हैं हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें तेज गति से वाहन ना चलाएं गलत साइड से ना चले छात्र-छात्राओं से कहा कि अभिभावकों से भी कहें कि बिना हेलमेट सीट बेल्ट के ना चले किसी प्रकार की सड़क दुर्घटना में आप लोग अगर किसी की मदद करते हैं तो उसमें संबंधित व्यक्ति को पुरस्कृत भी किया जाता है सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर शासन द्वारा सहायता राशि भी दी जाती है सड़क दुर्घटना में चित्रकूट जनपद का मृत्यु में चौथा स्थान है ट्रैक्टर ट्राली से अधिक दुर्घटनाएं हो रही है उन्होंने तीर्थ यात्रियों से अपील की है कि ट्रैक्टर ट्राली से तीर्थ क्षेत्र की यात्रा न करें उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से जो ऊपर आयु के छात्र-छात्राएं हैं उन्हें सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी द्वारा लाइसेंस दिलाया जाएगा वाहन चलते समय मोबाइल फोन का प्रयोग ना करें नशे की हालत में वाहन ना चलाएं आप लोग सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन अवश्य करें।
प्राचार्य डॉक्टर राजेश कुमार पाल ने सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं से कहा कि आप लोग सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें परंपरागत साधनों को अपनाएं नाबालिक युवक युवतियों वाहन ना चलाएं तेज गति से वाहन चलाने से मनुष्यों एवं जीव जंतुओं को भी क्षति होती है।
तत्पश्चात जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में शपथ भी दिलाई गई व हेलमेट वितरण किया गया इसके बाद हेलमेट पहनाकर बच्चों की बाइक रैली को हरी झंडी भी दिखा कर रवाना किया गया।
कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक श्री गौरव पांडेय द्वारा किया गया।
कार्यक्रम के अवसर पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी श्री आरपी सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी श्री कमल नयन सिंह, यात्री कर माल कर अधिकारी दीप्ति त्रिपाठी यातायात प्रभारी श्री शैलेंद्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं व अभिभावक मौजूद रहे।
**(5).** आज दिनाँक 10.09.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में आये हुये फरियादियों की शिकायतों को सुनकर शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये

**(6).** श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में थानाध्यक्ष पहाड़ी श्रीमती अनुपमा तिवारी एवं पैरोकार आरक्षी अबरार हुसैन द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं अभियोजन अधिकारी श्री शशिकान्त द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायाधीश सिविल जज (सी0डि0) श्री सचिन दीक्षित द्वारा आज दिनांक 10.09.2025 को थाना पहाड़ी में पंजीकृत मु0अ0स0 222/16 धारा 336,504 भादवि0 के आरोपी अभियुक्त 1. नरेन्द्र उर्फ चुक्का पुत्र गिरधारी तिवारी 2.चक्रधारी तिवारी पुत्र शिवनरेश 3.ओमप्रकाश पुत्र विशमभर उर्फ युद्धा तिवारी 4.भरतशरण पुत्र विशमभर उर्फ युद्धा तिवारी निवासीगण सकरौली थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट को न्यायालय उठने तक की सजा व कुल 4000/- रूपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।